राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल 'नवरात्रि' के अवसर पर फलाहार–प्रसाद–ग्रहण कार्यक्रम में शरीक हुए

पटना, 10 अक्टूबर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने बिहारवासियों को 'नवरात्रि' की शुभकामनाएँ दी है। राज्यपाल ने कहा है कि असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय तथा दमन पर शांति की विजय के प्रतीक पर्व 'नवरात्रि' एवं विजयादशमी में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माँ दुर्गा की पूजा–आराधना होती है।

राज्यपाल ने आज पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित श्री राकेश कुमार तिवारी के आवास पर आयोजित 'नवरात्रि पूजा' के प्रथम दिन 'फलाहार प्रसाद ग्रहण' कार्यक्रम में पहुँचकर माँ दुर्गा का प्रसाद ग्रहण किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि सबको शांति, भाईचारा और प्रेम के माहौल में 'नवरात्रि' और 'विजयादशमी' का पर्व आयोजित करते हुए मानवता के कल्याण की मंगलकामना करनी चाहिए, ताकि सबमें राष्ट्रप्रेम भी भावना विकसित हो तथा बिहार तेजी से प्रगति–पथ पर आगे बढ़ता रहे।

फलाहार–प्रसाद–ग्रहण कार्यक्रम में राज्य के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गिरिराज सिंह, प्रदेश भाजपा संगठन मंत्री श्री नागेन्द्र जी सहित कई विधायक, विधान पार्षद, जन–प्रतिनिधिगण, सामाजिक–राजनीतिक कार्यकर्त्तागण, बुद्धिजीवीगण आदि ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में भक्ति गीतों का भी गायन प्रस्तुत किया गया।

....